NCWEB P.G.D.A.V. 23-24

ओरियंटेशन प्रोग्राम रिपोर्ट (2023-24)

24.09.2023 को नॉन कॉलिजिएट महिला शिक्षा बोर्ड के शिक्षण केंद्र पीजीडीएवी महाविद्यालय के नव सभागार कक्ष में नई छात्राओं के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या आदरणीय प्रो. कृष्णा शर्मा, शिक्षक प्रभारी डॉ. विशाल चौहान, समन्वयक डॉ. रवि कुमार एवं सभी शिक्षक और छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का निर्वाह करते हुए महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा एवं सभी शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के गायन से हुआ।

सर्वप्रथम शिक्षक प्रभारी डॉ. विशाल चौहान ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभागार में उपस्थित सभी नई छात्राओं को एनसीवेब के इतिहास और पाठ्यक्रम तथा आंतरिक मूल्यांकन से संबंधित आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति निर्माण तथा महिलाओं की उन्नति में एनसी वेब किस तरह से सहायक है।

आदरणीय प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा ने नई छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय आपको शिक्षा के साथ - साथ आपके सर्वांगीण विकास के और भी कई अवसर प्रदान करेगा आपको अपने अथक प्रयास और मेहनत से अपनी भागीदारी दिखानी है। इसके साथ ही छात्राओं को महाविद्यालय में किसी भी तरह की समस्या के समाधान और सहयोग का आश्वासन भी दिया और अंत में सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जिसका प्रारंभ प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा 'गणेश स्तुति ' की भव्य प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया और अंत में बॉलीवुड और क्लासिकल के मेल से भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह, मेहनत और ऊर्जा के साथ अपनी हिस्सेदारी दिखाई।

कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ कश्यप और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इंदुदत्ता तिवारी द्वारा किया गया।

वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 2023-24

31.03.2024 को एन सी वेब के शिक्षण केंद्र पी जी डी ए वी

महाविद्यालय के नव सभागार कक्ष में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'सरगम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक प्रभारी डॉ. वरुण गौतम, समन्वयक डॉ. रवि कुमार एवं सभी शिक्षक और छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का निर्वाह करते हुए शिक्षक प्रभारी डॉ वरुण गौतम एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के गायन से हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद -विवाद प्रतियोगिता, कविता, रंगोली, पोस्टर बनाना, छायाचित्र उतारने की कला (फोटोग्राफी) मेंहदी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, समूह गायन और रैंप वॉक सहित कुल 12 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साह के साथ बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया।

गायन और नृत्य प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न देशभक्ति, बॉलीवुड, क्लासिकल, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय गीतों और नृत्य के माध्यम से छात्राओं ने विभिन्नता में एकता के सूत्र जीवंत कर दिखाया जो आज भी हमारी सांस्कृतिक एकता की पहचान है।

अंत में रैंप वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं का उत्साह, आत्मविश्वास और प्रतिभा देखते ही बनता था।

GPS Map Camera
Google
New Delhi, Delhi, India
30, Vinoba Puri, Lajpat Nagar II, Lajpat Nagar, New Delhi, Delhi 110065, India
Lat 28.566731°
Long 77.251584°
31/03/24 11:17 AM GMT +05:30

Quiz Competition
GPS Map Camera
Google
New Delhi, Delhi, India
30, Vinoba Puri, Lajpat Nagar II, Lajpat Nagar, New Delhi, Delhi 110065, India
Lat 28.566731°
Long 77.251584°
31/03/24 10:10 AM GMT +05:30

SPORTS DAY (NCWEB, PGDAV CENTRE)

GPS Map Camera
New Delhi,DL,India
Nehru Nagar, New Delhi, 110065, DL, India
Lat 28.567547, Long 77.251071
03/17/2024 09:57 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

1
2
3
GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India
H782+XJ5 Pgdav College Office, Nehru Nagar, Lajpat Nagar, New Delhi, Delhi 110024, India
Lat 28.567522°
Long 77.251298°
17/03/24 12:56 PM GMT +05:30
Google

Swachh Bharat Mission at PGDAV,NCWEB